TECH mahindra

# नैतिक व्यापार आचरण संहिता।



*Copyright © Tech Mahindra Ltd 2024. All Rights Reserved.*



# विषय सूची


| | | | |
|---|---|---|---|
| सीईओ की ओर से संदेश | | | 4 |
| 1. | परिचय | | 5 |
| 2. | उद्देश्य | | 5 |
| 3. | विषय सीमा | | 5 |
| 4. | प्रशिक्षण और प्रमाणन | | 5 |
| 5. | मूल्य, दूरदृष्टि और राइज़ | | 6 |
| 6. | कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी | | 7 |
| 7. | कानूनी आवश्यकताओं का पालन करना | | 8 |
| | 7.1 | कानूनों का पालन करना | 8 |
| | 7.2 | कंपनी अधिनियम की अनुसूची IV का अनुपालन | 8 |
| 8. | ईमानदारी के साथ कार्य करना | | 8 |
| | 8.1 | कानूनी, ईमानदार और नैतिक आचरण | 8 |
| | 8.2 | हितों का टकराव | 8 |
| | 8.3 | अन्य रोज़गार / असाइनमेंट | 8 |
| | 8.4 | निदेशक के हितों का प्रकटीकरण | 8 |
| | 8.5 | अन्य निदेशक | 9 |
| | 8.6 | गैर-अनुरोध | 9 |
| | 8.7 | निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा | 9 |
| | 8.8 | संचार | 9 |
| | 8.9 | रिश्वत / घूस / उपहार और आतिथ्य | 9 |
| | 8.10 | संदिग्ध कपटपूर्ण व्यवहार | 10 |
| | 8.11 | सरकार के साथ काम करना | 10 |
| 9. | न्यायसंगत और सुरक्षित कार्यस्थल | | 10 |
| | 9.1 | रोज़गार के संबध में आचरण | 10 |
| | 9.2 | यौन उत्पीड़न | 11 |
| | 9.3 | स्वास्थ्य और सुरक्षा | 11 |
| | 9.4 | पर्यावरण अनुपालन | 11 |
| | 9.5 | मानवाधिकार और आधुनिक गुलामी | 11 |
| | 9.6 | उत्पीड़न | 12 |
| | 9.7 | मादक पदार्थ, शराब और धूम्रपान | 13 |
| | 9.8 | सोशल मीडिया दिशानिर्देश | 13 |
| 10. | संपत्ति और आकड़ों की सुरक्षा | | 14 |
| | 10.1 | कंपनी की संपत्तियों का संरक्षण और इस्तेमाल | 14 |
| | 10.2 | बौद्धिक संपदा | 14 |
| | 10.3 | डेटा का कानूनी रखरखाव | |
| | 10.4 | सूचना की सुरक्षा और गोपनीयता | 14 |
| | 10.5 | डेटा गोपनीयता और डेटा सुरक्षा | 15 |




| | | | |
|---|---|---|---|
| | 10.6 | डेटा प्रोटेक्शन ऑफ़िसर (DPO) - गोपनीयता से जुड़े मुद्दे/ शिकायतें | 15 |
| | 10.7 | व्यावसायिक निरंतरता | 16 |
| 11. | हितधारक (स्टेकहोल्डर) | | 16 |
| | 11.1 | ग्राहक | 16 |
| | 11.2 | भागीदार | 16 |
| | 11.3 | आपूर्तिकर्ता | 16 |
| | 11.4 | समुदाय | 17 |
| | 11.5 | राजनीतिक दलों के साथ कोई गठबंधन नहीं | 17 |
| 12. | निवेशकों के साथ संबंध, व्यापार और विनियमन | | 17 |
| | 12.1 | निवेशकों के साथ संबंध | 17 |
| | 12.2 | इनसाइडर ट्रेडिंग | 18 |
| | 12.3 | अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण | 18 |
| | 12.4 | मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को सफ़ेद करना) की रोकथाम | 18 |
| | 12.5 | नियंत्रण | 19 |
| | 12.6 | प्रकटीकरण मानक | 19 |
| 13. | चिंता ज़ाहिर करना/शिकायतें करना | | 19 |
| | 13.1 | कॉर्पोरेट लोकपाल | 19 |
| | 13.2 | व्हिसल ब्लोअर | 19 |
| 14. | क्षतिपूर्ति और अनुशासनात्मक कार्रवाई | | 19 |



मैं हमारे काम करने के तरीके के एक खास पहलू पर चर्चा करना चाहता था जोकि हमारी पहचान और हमारे मूल्यों का एक अहम हिस्सा भी है। कारोबार के इस सतत परिवर्तनशील परिदृश्य में किसी भी व्यक्ति या संगठन के लिए अपने नैतिक आचरण और सदाचार के एक उचित मानक को बनाए रखना और उसका पालन करना बहुत ज़रूरी होता है। टेक महिंद्रा में, हमारे पास अपने आधारभूत मूल्यों की एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार है, जो हमें सही तरीके से अपने काम को पूरा करने में मदद करती है – हालांकि, किसी भी समस्या को कई तरीकों से सुलझाया जा सकता है, लेकिन हमेशा इसे पूरा करने के लिए सही रास्ता अपनाना ज़रूरी होता है।

हमारे सभी काम-काज, मूल्य, आचरण और सिद्धांत नैतिक सदाचार के सबसे ऊंचे मानक के अनुसार होने चाहिए। यही हमारी कोड ऑफ़ एथिकल बिज़नेस कंडक्ट (CEBC) का सार है। यह हमारे संगठन और इसके हर एसोसिएट के नैतिक, निर्मल और न्यायसंगत आचरण का आधार है। जब हम खुद एक सकारात्मक बदलाव लाने के इरादे से काम करते हैं, तो हम दूसरों को भी बेझिझक ईमानदारी से खुलकर व्यवहार करने में मदद करते हैं। यह हमें अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, सहभागियों, रेगुलेटरी अथॉरिटी और समाज के साथ बड़े पैमाने पर एक मज़बूत और गहरा संबंध बनाने में मदद करता है, जिससे हम अपने प्रतिस्पर्धियों से एक स्थायी बढ़त लेकर एक मज़बूत ब्रांड की छवि बना पाते है।

लोगों का भरोसा जीतना और उसे बरकरार रखना कॉर्पोरेट के अच्छे प्रशासन का आधार है। CEBC को ईसीजी (ESG) के प्रति ईमानदारी और नैतिक सदाचार के साथ काम करने की हमारी प्रतिबद्धता को जारी रखने में मदद करने के लिए ही डिज़ाइन किया गया है जोकि मेरे विचार से हमारी स्थायी सफलता को कायम रखने का एकमात्र तरीका है। हमारे व्यवहार से ही हमारे संगठन के वर्तमान और भविष्य का निर्माण होता है। हमें हमेशा अपनी ईमानदारी की गरिमा को बनाए रखना चाहिए और अपने स्टेकहोल्डर के साथ अपने संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए; आखिरकार, भरोसा जीतने में पूरी ज़िंदगी लग जाती है और इसे खत्म करने में कुछ सेकंड ही काफ़ी होते हैं।

आइए हम सब मिलकर काम करते हुए यह सुनिश्चित करें कि हमारा कोड हमें अपने आधारभूत मूल्यों के अनुसार काम करने के लिए मार्गदर्शन करे, उचित नैतिक आचरण की हमारी परंपरा को आगे बढ़ाए और हम #TechMahindraOnwardsandUpwards ले जाए

हार्दिक शुभकामनाएं,

मोहित



# 1. परिचय

यह दस्तावेज़, टेक महिंद्रा और इसकी सभी सहायक कंपनियों (इसके बाद से इसे "टेक महिंद्रा"/ "कंपनी" के रूप में सन्दर्भ किया जाएगा) के लिए, नैतिक व्यापार आचरण संहिता की जानकारी देता है।

टेक महिंद्रा के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स ने, इस नैतिक व्यापार आचार संहिता को इमानदारी के उच्चतम मानकों का पालन करने और किसी भी प्रकार के हितों के टकराव से बचने के लिए, हमारी वचनबद्धता के प्रमाण के रूप में अपनाया है।

इस संहिता के तहत आने वाले सभी हित धारकों को सलाह दी जाती है कि वे स्थानीय कानून, रीति-रिवाजों और नियमों का उचित सम्मान करते हुए इस संहिता में दिए दिशानिर्देशों को लगातार समझने के लिए और लागू करने के लिए, देश के कानून की विशेष बारीकियों से अवगत रहे।



# 2. उद्देश्य

इस संहिता का उद्देश्य, नैतिक और पारदर्शी तरीके से और कानूनों, आंतरिक नीतियों और स्थापित प्रक्रिया के अनुसार, सभी हित धारकों को आचरण करने में उनको मार्गदर्शन प्रदान करना है।

# 3. विषय सीमा

नैतिक व्यापार आचरण संहिता इस सभी पर लागू होती है :

(i) कंपनी के कार्यकारी और गैर-कार्यकारी दोनों निदेशक।

(ii) स्थाई रूप से और संविदा पर काम करने वाले कंपनी के सभी सहयोगी।

(iii) आपूर्तिकर्ता, वितरक, व्यापारिक संपर्क, एजेंट, सलाहकार, व्यापारिक सहयोगी, वर्तमान और संभावित ग्राहक और कंपनी में काम करने वाले सभी लोग।

इस संहिता में दिए गए दिशा निर्देश संपूर्ण नहीं बल्कि सांकेतिक है और कंपनी में इस संहिता का अनुपालन, अन्य लागू नीतियो और प्रक्रियाओ और देश के लागू कानूनों के साथ किया जाना चाहिए।

इस संहिता के प्रावधानों और किसी दूसरे वैधानिक अधिनियम/ नियमों के बीच में टकराव की स्थिति में, वैधानिक अधिनियम/ नियमों के प्रावधान इस नीति से पहले मान्य होंगे।

यह स्पष्ट किया जाता है कि इस कोड का पालन करने की आवश्यकता, टेक महिंद्रा के साथ निरंतर काम करने का कोई स्पष्ट या निहित वादा नहीं है। इस संहिता में किसी भी प्रकार का फेर-बदल पहले निदेशक मंडल/बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स द्वारा स्वीकृत किया जाएगा और इसके बाद तुरंत कंपनी की वेबसाइट पर डाला जाएगा। यदि बोर्ड की मंजूरी से पहले किसी भी बदलाव की ज़रूरत हो तो इस पर बाद में बोर्ड की बैठक में निदेशक मंडल/बोर्ड ऑफ डायरेक्टर द्वारा मंजूरी दी जाएगी।

# 4. प्रशिक्षण और प्रमाणन

टेक महिंद्रा के नैतिक व्यवसायिक आचरण संहिता (CEBC) के लिए, प्रशिक्षण कार्यक्रम का मकसद, हमारे सहयोगियों को कानून और नियमों का पालन करते हुए अपनी ज़िम्मेदारियों को पूरा करने के लिए आवश्यक समझ और जागरूकता प्रदान करना है।
सभी सहयोगियों को यह स्वीकार करके अपना प्रशिक्षण और जनादेश पूरा करना होता है कि उन्होंने सीबीइसी (CEBC) की नीतियों को पढ़ा, समझा और अपना लिया है। रिपोर्टिंग मैनेजर की यह सुनिश्चित करने की ज़िम्मेदारी होती है कि जो भी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में रिपोर्ट करने वाले सहयोगी हैं, वे इस नीति का पालन करते हुए प्रशिक्षण और प्रमाणन पूरा करते हैं।
सभी सहयोगीयों के लिए यह जरूरी है कि वे अपनी रोज़गार शुरू होने के 30 दिनों के भीतर मूल्यांकन परीक्षा में उत्तीर्ण हो जाएं।
सहयोगियों को निर्देश और समय सीमा के साथ जनादेश के बारे में सूचित किया जाएगा।
जरूरी प्रमाणन पूरा नहीं कर पाने की स्थिति में कार्यवाही: -

| | समय सीमा | कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1. | 30 दिनों के बाद | ई-मेल चेतावनी |
| 2. | 60 दिनों के बाद | • चेतावनी पत्र + PMS में एक टिप्पणी (नोट) जोड़ी जाएगी।<br>• उस सहयोगी के ज़रूरी प्रमाणन पूरा करने तक उसके कैरियर की प्रगति और मुआवज़े में किसी भी बदलाव को रोक दिया जाएगा।<br>• परफॉर्मेंस बोनस, वेरिएबल पे, सेल्स इंसेंटिव, और ऐसे किसी भी अन्य प्रदर्शन से जुड़े बोनस को तब तक रोक लिया जाएगा जब तक ये प्रशिक्षण और प्रमाणन पूरा नहीं हो जाता (स्थानीय कानून और दिशा-निर्देशों के अनुसार)। |

# 5. मूल्य, दूरदृष्टि और राइज़



## मूल्य

**व्यावसायिकता:** टेक महिंद्रा ने हमेशा से नौकरी के लिए कुशल लोगों की खोज की है और उन्हें आगे बढ़ने की स्वतंत्रता और अवसर दिए है। टेक महिंद्रा आगे भी यही करना जारी रखेगा। टेक महिंद्रा अपने सहयोगियों से नवाचार और तर्कसंगत जोखिम लेने का समर्थन करेगी लेकिन प्रदर्शन की अपेक्षा करेगी।

**अच्छी कॉर्पोरेट नागरिकता:** पहले की तरह ही, टेक महिंद्रा आगे भी लंबे समय के लिए सफलता की तलाश जारी रखेगी जोकि उन देशों की ज़रूरतों के साथ मेल खाता है जहां हम सेवा देते हैं। टेक महिंद्रा इसे नैतिक व्यापारिक मापदंडों के साथ समझौता किए बिना करेगी।

**सबसे पहले ग्राहक:** टेक महिंद्रा केवल अपने ग्राहक के कारण मौजूद है और प्रगति कर रही है। टेक महिंद्रा में हम, अपने ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों और उम्मीदों के लिए शीघ्रता से, सविनय और प्रभावी ढंग से काम करते हैं।


**गुणवत्ता पर फ़ोकस:** टेक महिंद्रा के ग्राहकों को पैसा वसूल सेवा देने की कुंजी गुणवत्ता ही है। टेक महिंद्रा अपने काम में, अपने उत्पादों में. और दूसरों के साथ बातचीत में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देती है। टेक महिंद्रा इसे 'पहली बार में सही प्रकार' से करेगी

**व्यक्ति की गरिमा:** टेक महिंद्रा व्यक्तिगत गरिमा का मूल्य का ध्यान रखेगी, निजी असहमति व्यक्त करने के अधिकार को बनाए रखेगी और दूसरों के समय और प्रयासों का सम्मान करेगी। टेक महिंद्रा अपने कामों के जरिए निष्पक्षता, भरोसे और पारदर्शिता का व्यवहार अपनाएगी।



## दूरदृष्टि (VISION)

हम तेजी से काम करने वाली, ग्राहक आधारित और उद्देश्य के साथ चलने वाली कंपनी बनकर अपने हित धारकों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगे और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ समाधान प्रदान करेंगे।



## राइज़ (RISE)

राइज़ (rise), एक सरल लेकिन शक्तिशाली शब्द है जो महिंद्रा समूह को परिभाषित करता है। यह ब्रांड को एक अर्थ और उद्देश्य देता है। यह औपचारिक रूप से 2011 मे एक विचारोत्तेजक ब्रांड फ़िलॉसफ़ी के रूप में परिभाषित किया गया था जो महिंद्रा समूह के सभी कंपनियों को एक साथ लाया था।

पिछले दशक ने दुनिया को कई तरीकों से बदल दिया है, विशेष रूप से हानिकारक टेक्नोलॉजी के राइज़ से, स्टार्टअप इकोसिस्टम से, जलवायु परिवर्तन और निश्चित रूप से महामारी से। हालांकि ब्रांड की फ़िलॉसफ़ी बरकरार रही, लेकिन फिर भी हमें बड़े व्यवसायिक परिणामों और भविष्य के लिए ज़रूरी नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए, अपनी वचनबद्धता को और सरल और असरदार बनाने की ज़रूरत महसूस हुई।

महिंद्रा ग्रुप में हमने राइज़ फ़िलॉसफ़ी के तर्ज पर एक नए मूल उद्देश्य और इसके ब्रांड स्तंभों को परिभाषित कर, अपने ब्रांड को नया रूप दिया। नए ब्रांड स्तंभों, वैश्विक मामलों और महिंद्रा ग्रुप द्वारा इन्हें हल करने के तरीके को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है- अधिक समान दुनिया के लिए राइज़, भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए राइज़ और निर्माण करने के लिए राइज़।

टेक महिंद्रा का पहला ब्रांड स्तंभ "अधिक समान दुनिया के लिए राइज़" अपने समुदायों की देखभाल करने के बारे में है। टेक महिंद्रा इसे तीन चीजों-जलवायु परिवर्तन, समावेश और नैतिकता पर अपना ध्यान केंद्रित करके पूरा करेगा।

टेक महिंद्रा का दूसरा ब्रांड स्तंभ, "भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए राइज़"अपने ग्राहकों की देखभाल करने के बारे में है। टेक महिंद्रा इसे अपने प्रयासों को तीन चीजों पर केंद्रित करके करता है- ग्राहक, टेक्नोलॉजी और नवाचार।

टेक महिंद्रा का तीसरा ब्रांड स्तंभ "निर्माण करने के लिए राइज़" है और यह अपने व्यापार को बढ़ाने के बारे में है। टेक महिंद्रा अपने कामों को तीन बातों- उद्यम, व्यापकता और असर पर केंद्रित करके करता है।

**PURPOSE**

Drive positive change in the lives of our communities. Only when we enable others to rise will we rise. #TogetherWeRise

**BRAND PILLARS**

| RISE FOR A MORE EQUAL WORLD | RISE TO BE FUTURE - READY | RISE TO CREATE VALUE |
|---|---|---|
| Climate Change | Customer Focused | Entrepreneurship |
| Inclusion | Technology | Scale |
| Ethics | Innovation | Impact |

**CORE VALUES**

**Professionalism | Good Corporate Citizenship | Customer First | Quality Focus | Dignity of the Individual**

## 6. कॉर्पोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी

टेक महिंद्रा जिन समुदायों में काम करती है उनके प्रति यह दायित्व रखती है कि हमें उनके जीवन की गुणवत्ता को सुधारने में मदद करना है। हम अपने दृष्टिकोण 'शिक्षा के माध्यम से सशक्तिकरण' पर बड़े पैमाने पर काम कर रहे हैं जिसमें तीन मुख्य बातों पर ज़ोर दिया जाता है- शिक्षा, रोजगार और विकलांगता ताकि सब आगे बढ़ने मे समर्थ बन सके।

महिंद्रा शैक्षिक संस्थान उच्च शिक्षा पर केंद्रित हैं, हम अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने और भारत में उच्च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्रणाली को लाने में दूसरे प्रसिद्ध संस्थानों के साथ सहयोग कर रहे हैं, एमइआई (MEI) महिंद्रा विश्वविद्यालय का प्रायोजक निकाय है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया कॉरपोरेट सामाजिक ज़िम्मेदारी की नीति को पढ़े।





# 7. कानूनी आवश्यकताओं का पालन करना

## 7.1 कानूनों का पालन करना

कंपनी का उद्देश्य, अपने संचालन को नियंत्रित करने वाले सभी कानूनों का सख्ती से पालन करना और नैतिक, कानूनी और नीतिगत मानकों के उच्चतम स्तर को बनाकर रखते हुए काम करना है। इसलिए, निदेशक और सहयोगी उन अधिकार क्षेत्रों के कानूनों का आदर और पालन करेंगे जिनमें टेक महिंद्रा काम करता है और सभी लागू नियमों और आंतरिक नीतियों का पालन करेंगे। निदेशकों और सहयोगियों से यह आशा की जाती है कि वे टेक महिंद्रा के सहयोगियों के रूप में, अपनी ज़िम्मेदारियों से जुड़े सभी उचित कानूनों और विनियमों से अवगत रहें और किसी भी अवैध, अनैतिक या अनुचित गतिविधियों से बचें। दुविधा में होने पर निदेशक और सहयोगी, कंपनी की कानूनी टीम से सहायता ले सकते हैं।

## 7.2 कंपनी अधिनियम की अनुसूची IV का अनुपालन

स्वतंत्र रूप से काम करने वाले निदेशक भी कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची IV के तहत निर्धारित संहिता और कर्तव्यों का पालन करेंगे

# 8. ईमानदारी के साथ कार्य करना

कंपनी का उद्देश्य, अपने सभी व्यवसाय को ईमानदार और नैतिक तरीके से काम करने के लिए प्रेरित करना है। हम रिश्वतखोरी, भ्रष्टाचार के लिए शून्य सहनशीलता का दृष्टिकोण रखते है और हमारे सभी व्यावसायिक व्यवहार और संबंधों में पेशेवर, निष्पक्ष और ईमानदारी से काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

टेक महिंद्रा का प्रतिनिधित्व करने वाले या हमारी ओर से काम करने वाले सभी हितधारकों को नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

## 8.1 कानूनी, ईमानदार और नैतिक आचरण

सभी हितधारकों को टेक महिंद्रा के लिए या हमारी ओर से व्यापार संचालन के संबंध में काम करते समय, अपने कर्तव्यों का कानूनी तौर पर, इमानदारी से और नैतिक रूप से पालन करना चाहिए। वे:

- कंपनी के हितधारकों के हित में काम करें और अपने सभी कर्तव्यों को पूरा करेंगे
- ईमानदारी, निष्पक्षता, नैतिकता, अखंडता और पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे
- खुद पेशेवर, विनय पूर्वक और सम्मानजनक तरीके से आचरण करेंगे
- ज़िम्मेदारी, उचित देखरेख, क्षमता, परिश्रम और स्वतंत्रता के साथ अच्छी नीयत से काम करेंगे
- कंपनी की प्रतिष्ठा को बढ़ाने और बनाए रखने के इरादे से काम करेंगे
- अपने सहकर्मियों से सम्मान के साथ व्यवहार करें और उनमें से किसी को भी किसी भी तरह से परेशान नहीं करेंगे

## 8.2 हितों का टकराव

इस संहिता के तहत, नीतियों और प्रक्रियाओं के लिए यह ज़रूरी है की टेक महिंद्र का प्रतिनिधित्व करने वाले सभी हित धारक किसी भी ऐसे काम या साथ से बचें जो उनके निजी हितों और कंपनी के व्यवसायिक हितो के बीच टकराव पैदा कर सकता हो।

## 8.3 अन्य रोज़गार / असाइनमेंट

टेक महिंद्रा के कार्यकारी निदेशक और सहयोगी खुद को विशेष रूप से कंपनी के व्यवसाय के लिए समर्पित होकर काम करेंगे और मेहनताना (पार्ट-टाइम या किसी और तरह से) लेने के लिए उचित अधिकार पत्र के बिना प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी अन्य काम या असाइनमेंट को स्वीकार नहीं करेंगे। निदेशकों और सहयोगियों से अपेक्षा की जाती है कि वे हितों के टकराव की उपस्थिति की संभावना होने से भी बचें, भले ही वो गतिविधि गैर-लाभकारी हो।

## 8.4 निदेशक के हितों का प्रकटीकरण

किसी भी मामले में, निदेशकों को बोर्ड के सामने अपने हितों के टकराव का खुलासा करना होगा और वे स्वयं ऐसे किसी भी मामले पर चर्चा और मतदान करने से दूर रहेंगे, जिसमें निदेशक के हितों का टकराव हो रहा है या हो सकता है, और वे टेक महिंद्रा के उचित संचालन के लिए अन्य निदेशकों के साथ इस जानकारी को साझा करेंगे।

## 8.5 अन्य निदेशक

टेक महिंद्रा के साथ प्रतिस्पर्धा करने वाली अन्य कंपनियों के बोर्ड में निदेशक पद को स्वीकार करना हितों के टकराव के समान है। निदेशक और सहयोगी ऐसे किसी निदेशक पद को स्वीकार करने से पहले निदेशक मंडल से पूर्व अनुमति प्राप्त करेंगे।

## संबंधित पक्ष

टेक महिंद्रा की नीतियों और कार्यप्रणाली के अनुसार, निदेशकों और सहयोगियों को अपने रिश्तेदारों  के साथ एवं किसी भी ऐसी कंपनी के साथ किसी भी प्रकार का व्यवसाय करने से बचना चाहिए जिनके साथ उनका कोई निजी संबंध है। टकराव के मामलों में, निदेशक मंडल के सामने प्रकटीकरण किया जाएगा और आगे बढ़ने से पहले उनकी अनुमति ली जाएगी।

## 8.6 गैर-अनुरोध

टेक महिंद्रा के साथ रोजगार के कार्यकाल के दौरान और रोजगार की समाप्ति के बाद भी, सहयोगी टेक महिंद्रा के व्यवसाय और गोपनीय जानकारी की सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार है जिसमें इसके ग्राहकों के नाम और अन्य व्यावसायिक विवरण, तकनीकी, व्यापार या व्यावसायिक डेटा के बारे में जानकारी शामिल है।

टेक महिंद्रा में काम करते वक्त और काम छोड़ने के एक साल बाद तक के दौरान, सहयोगी टेक महिंद्रा के किसी भी ऐसे ग्राहक (उसी खाते /परियोजना पर) को अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करेंगे, जिनके साथ वे टेक महिंद्रा से अलग होने की तारीख से (किसी भी कारण से) एक साल पहले तक से जुड़े हैं।

सहयोगियों को किसी भी ऐसे व्यक्ति को, जो कंपनी में काम कर रहा है, टेक महिंद्रा के लिए काम करना या सेवाएं प्रदान करना बंद करने विनती या प्रेरित या विनती करने का प्रयास नहीं करना चाहिए। सहयोगियों को किसी भी सलाहकार, आपूर्तिकर्ता या सेवा प्रदाता को कंपनी के साथ काम बंद करने के लिए विनती या प्रेरित नहीं करना चाहिए और साथ ही सलाहकार, आपूर्तिकर्ता या सेवा प्रदाता और कंपनी के बीच किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं करना चाहिए।

## 8.7 निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा

सभी निदेशकों और सहयोगियों को चाहिए कि वे एक दूसरे के साथ, तथा कंपनी के ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, प्रतियोगियों और तृतीय पक्षों के साथ उचित ढंग से व्यवहार करें। निदेशकों और सहयोगियों को किसी भी तरह के अनुचित व्यवहार या अनुचित अभ्यास के माध्यम से, बहलाने, छिपाने, विशेषाधिकारिता से संबंधित जानकारी के दुरुपयोग, भ्रामक जानकारी देने आदि से किसी का गलत फ़ायदा नहीं उठाना चाहिए। लिंग, नस्ल, राष्ट्रीयता, जाति और धर्म के आधार पर किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

टेक महिंद्रा, बाज़ार में स्वतंत्र और खुली प्रतिस्पर्धा के लिए प्रतिबद्ध है। निदेशकों और सहयोगियों को ऐसी किसी भी कार्रवाई से बचना चाहिए जो प्रतिस्पर्धा विरोधी, एकाधिकार, या बाज़ार में प्रतिस्पर्धा पर नियामक कानूनों सहित अन्य कानूनों के विपरीत हो, जिसमें अविश्वास कानून भी शामिल हैं। ऐसी कार्रवाइयों में दूसरी कंपनियों की गोपनीय जानकारी का अनधिकृत दुरुपयोग या दुष्प्रचार, उनके व्यवसाय और उनकी व्यवसाय पद्धतियों के बारेमें झूठे बयान देना शामिल है।

## 8.8 संचार

निदेशक और सहयोगी अपने संचार में सत्य एवं सटीकता रखेंगे। किसी भी प्रकार की भ्रामक व्याख्याओं, गलत बयानों और भ्रामक प्रभावों से बचने के लिए प्रभावी संचार करना बहुत ज़रूरी है। इसे ध्यान में रखते हुए सभी संचार सामग्री तैयार की जाएगी और किसी भी दावों या बयानों को समर्थन करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज़ उपलब्ध किए जाने चाहिए। निर्दिष्ट व्यक्तियों या व्यक्ति समूहों को सूचना की संवेदनशीलता के आधार पर, निश्चित विषयों पर संचार करने का अधिकार होगा, और उन विषयों पर कोई अन्य व्यक्ति संचार नहीं करेगा।

## 8.9 रिश्वत / घूस / उपहार और आतिथ्य

कंपनी "रिश्वत" के रूप में, किसी भी तरह की सुविधा भुगतान, घूसखोरी, उपहार, ऋण, शुल्क, पुरस्कार को  न तो स्वीकार करती है, और न ही इसकी पेशकश करती है। टेक महिंद्रा के निदेशकों और सहयोगियों को किसी भी ऐसी निजी उपहार लेने की स्वीकृति नहीं दी जाएगी, जो उन्हें अपनी महत्ता, वैयक्तिक महत्व, पद, भूमिका या उनके प्रस्ताव के समय के कारण दिए जाते हैं, और जिनके कारण व्यवसायिक निर्णयों पर, या उनकी व्यक्तिगत या पेशेवर छवि पर बुरा असर पड़ने की संभावना हो।

कंपनी के निदेशकों और सहयोगियों को भेंट या भुगतान की स्वीकृति देना या भेंट या मेहमान नवाज़ी के लिए निजी तौर पर भुगतान भी नहीं करना चाहिए। किसी  सरकारी अधिकारी, एजेंट या प्रतिनिधि को किसी भी कार्रवाई या प्रक्रिया को सुगम बनाने, तेज़ करने के लिए या इस पर ईनाम देने के लिए किसी तरह के भुगतान, उपहार या मेहमान नवाज़ी देना, वादा करना या पेश करना,  या पुरस्कार देना स्वीकार्य नहीं है।



कुछ संस्कृतियों / देशों में, उपहार को अस्वीकार करना अपमान के रूप में देखा जा सकता है, और हम इस बात को समझते हैं कि यह व्यापारिक संबंधों पर बुरा असर डाल सकता है। सहयोगी कंपनी की नीति के अनुसार, उपहार स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन उन्हें अपनी रिपोर्टिंग मैनेजर को इस बारे में सूचित करना होगा और उपहार घोषणा रजिस्टर पर इस जानकारी को दर्ज करना होगा। यदि रिपोर्टिंग मैनेजर इस बारे में दुविधा है कि उसे उपहार को कैसे संभालना है, तो उन्हें बीएचआर (BHR) से संपर्क करना चाहिए।

कॉर्पोरेट गिफ़्ट पॉलिसी में दिए गए प्रावधानों के अनुसार, किसी भी दिए गए या प्राप्त किए गए उपहार की जानकारी को गिफ्ट रजिस्टर (https://hr.techmahindra.com/-Giftmanagement/Login.aspx) में दर्ज करना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर, इसे सीईबीसी(CEBC) की अवहेलना माना जाएगा और इस पर उचित अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**प्रायोजन:**

कंपनी केवल किसी उचित उद्देश्य के लिए ही, लागू कानून के अनुसार अनुपालन करते हुए एक विश्वसनीय प्राप्तकर्ता के लिए प्रायोजन (sponsorship) बढ़ा सकती है। सभी प्रायोजन का अनुमोदन ग्लोबल सीपीओ (CPO) से होना चाहिए।

**पक्ष जुटाव:**

सरकारी अधिकारी से संवाद के द्वारा सीधे या अप्रत्यक्ष रूप से कानून बनाने की प्रक्रिया पर असर डालने की कोशिश करना, लॉबीइंग या पक्ष जुटाव के रूप में माना जा सकता है। सरकार के साथ की गई सभी बैठक, लागू नियमों के अनुसार की जानी चाहिए।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया भ्रष्टाचार और घूसखोरी नीति, कॉर्पोरेट उपहार नीति और उपहार घोषणा रजिस्टर को पढ़ें। (उपहारों पर नज़र रखने की प्रणाली)*

### 8.10 संदिग्ध कपटपूर्ण व्यवहार

कंपनी के व्यवसाय के लिए हानिकारक कार्य. जैसे की रिश्वत, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, चोरी आदि कोई भी कृत्य, दुराचार समझे जाएंगे। कंपनी के व्यवसाय को नुकसान पहुंचाने वाले ऐसे कोई भी संदिग्ध धोखाधड़ी के व्यवहार के संदेह में कार्यपालिका लोकपाल के द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जाँच की जाएगी।

एक संभावित धोखाधड़ी के मामलों पर एक सचित्र दिशा-निर्देश का दस्तावेज़ तत्काल संदर्भ के लिए उपलब्ध है(कृपया अधिक जानकारी के लिए, नैतिकता जागरूकता दस्तावेज़ का संदर्भ करें।).

### 8.11 सरकार के साथ काम करना

टेक महिंद्रा सरकारी एजेंसियों, अधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं के साथ काम करने के दौरान, सबसे अच्छे नैतिक मानकों को लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम सरकारी अधिकारियों, एजेंसियों और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से काम करते समय सबसे उच्च नैतिक मानकों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही यह सरकार के साथ काम करने संबंधी विशेष लागू कानूनों और विनियमों का पालन करता है, जिसमें सरकारी लेन-देन और विशेष भ्रष्टाचार रोकथाम पर नियमों की कुछ विशेष आवश्यकताएं शामिल हैं। सरकारी अधिकारी, एजेंट या प्रतिनिधि को उपहार या आतिथ्य देने से पहले विधिक (legal) टीम द्वारा अनुमोदन लेना चाहिए।

**कंपनी इन बातों पर जाँच करती है:**

- अधिकृत सरकारी अधिकारी की लिखित स्वीकृति के बिना, अनुबंध की आवश्यकताओं का पालन नहीं करना
- सरकार को लागत या मूल्य के अनुपयुक्त या अधूरे आंकड़े प्रस्तुत करना

# 9. न्यायसंगत और सुरक्षित कार्यस्थल

### 9.1 रोज़गार के संबध में आचरण

टेक महिंद्रा, सहयोगी जीवन-चक्र के संबंध में सभी नस्ल, क्षेत्र, जाति, धर्म, रंग, वंश, वैवाहिक स्थिति, लैंगिक पहचान, लैंगिक आकर्षण, आयु, राष्ट्रीयता, जातीय मूल या विकलांगता के किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना सभी को बराबर के अवसर प्रदान करता है।

हम लोगों को केवल योग्यता, कौशल, काम करने के पूर्व-अनुभव, विशेषज्ञता, क्षमताओं, स्थानीय और संवैधानिक कानूनी आदेशों (यदि कोई हो) के आधार पर नियुक्त करते हैं और किसी भी अवैध भेदभाव के बिना काम का उचित माहौल प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

हमारी भर्ती और चयन प्रक्रिया के दौरान, नकली सूचना और दस्तावेज दिए जाने के प्रति हमारी शून्य सहिष्णुता की नीति है। हमारी भर्ती और ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के हिस्से के तौर पर, एक औपचारिक पृष्ठभूमि सत्यापन (बैकग्राउंड चेक) किया जाता है।

हमने यौन उत्पीड़न, काम-जीवन के बीच असंतुलन और व्यावसायिक तौर पर भेदभाव करने जैसी कई ज़रूरी मुद्दों से निपटने के लिए मजबूत ढांचा, नीतियां और अभ्यास तैयार करे हैं।

कार्यस्थल में, भेदभाव की किसी भी घटना के संबंध में, किसी भी सहयोगी के संशय या सवाल होने पर, उनके तत्कालीन पर्यवेक्षक, उनकी संबंधित व्यावसायिक इकाई / कार्य या उनके लिए नियुक्त व्यावसायिक एचआर पीओसी (HR POC) से बात करने के लिए प्रोत्साहित कियाजाता है। किसी भी अनसुलझे सवाल को कॉर्पोरेट लोकपाल को संबोधित किया जा सकता है।

## 9.2 यौन उत्पीड़न

कंपनी की यौन उत्पीड़न के रोकथाम पर नीति का उद्देश्य, यौन उत्पीड़न के किसी भी कार्य / लिंग के आधार पर किसी भी भेदभाव के खिलाफ 'शून्य सहिष्णुता' नीति लाना है, और सहयोगियों के बीच सम्मानपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना है, जो किसी भी सहयोगी या नौकरी के आवेदक को विक्रेताओं, या ग्राहकों या किसी भी व्यक्ति द्वारा यौन उत्पीड़न के सभी रूपों से मुक्त कराता है।



यौन उत्पीड़न, भेदभाव करने का एक रूप है, जिसमें उकसाने वाले हल्के अपराध और परेशानियों से शुरू होकर वास्तविक यौन उत्पीड़न या बलात्कार तक सभी गतिविधियां शामिल है और इसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

यौन उत्पीड़न करने वाले व्यक्ति में ये सभी शामिल हो सकते हैं: सहयोगी, प्रबंधक, विक्रेता और / या ग्राहक, जो मौखिक या शारीरिक रूप से उत्पीड़क का व्यवहार करते हैं, जो कंपनी के किसी सहयोगी को शर्मिंदगी और अपमानित करने के लिए किया गया हो।

यौन उत्पीड़न की रोकथाम पर टेक महिंद्रा की नीति के अनुसार, हर व्यक्ति को सुनिश्चित करना होगा कि कंपनी में काम करने की जगह पर यौन उत्पीड़न से मुक्त वातावरण बना रहे। हम काम करने के लिए एक न्यायसंगत, सुखद वातावरण बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहाँ सभी सहयोगी अपने काम में किसी भी प्रकार की दखल नहीं होने देते और इस प्रयास में सभी सहयोगियों की सहायता करते हैं।

सभी कंपनी के पर्यवेक्षकों और प्रबंधकों से कंपनी की यौन उत्पीड़न निवारण नीति का पालन करने की अपेक्षा की जाती है।

कार्यस्थल में स्वयं अनुभव किए गए या देखे गए यौन उत्पीड़न के संबंध में, किए गए किसी भी शिकायत को पीओएसएच (POSH) समिति द्वारा जाँच और कार्रवाई किए जाने के लिए  पर उठाया जा सकता है।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया यौन उत्पीड़न निवारण नीति को पढ़ें।

## 9.3 स्वास्थ्य और सुरक्षा

पर्यावरण और सहयोगियों के स्वास्थ्य की सुरक्षा कंपनी के लिए प्राथमिक है और कंपनी अपने कर्मचारियों को सुरक्षित, स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने का प्रयास करती है। कंपनी अपने कर्मचारियों को सबसे ज़्यादा महत्व देती है और किसी भी वातावरणीय दुष्प्रभाव को कम करने वाले सुरक्षित तरीके से अपने व्यवसाय का प्रबंधन करती है। हम प्रत्येक संभव दुर्घटना, घटना, चोट और व्यावसायिक बीमारी को रोकने का प्रयास करते हैं।

हम कार्यस्थल पर काम में निरंतर जागरूकता बढ़ाने और सभी सहयोगियों को कंपनी की स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण नीति का पालन करने में सक्षम बनाने के लिए सूचना, निर्देश और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को संचालित करने में विश्वास रखते हैं।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपयास्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरणनीति पढ़ें।*

## 9.4 पर्यावरण अनुपालन

हमारा लक्ष्य है कि हमारी गतिविधियों से पर्यावरण पर पड़ने वाले किसी भी संभावित हानिकारक प्रभावों को कम से कम किया जाए। हम पर्यावरण की संरक्षण और रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, हम वस्तुओं के निस्तारण की बजाय दोबारा उपयोग करने की ओर ध्यान देने, और पुनर्चक्रण और पुनर्चक्रण की मदद से बनाये गए सामान के इस्तेमाल को प्रोत्साहित करने के लिए अपना पूरा प्रयास करते हैं।

## 9.5 मानवाधिकार और आधुनिक गुलामी

हम अपनी कंपनी से जुड़े सभी व्यक्तियों के साथ शालीनता और सम्मान के साथ व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने सभी वैश्विक स्थानों पर मानव अधिकारों का सम्मान और प्रचार करने का प्रयास करते हैं, और हमारे हितधारकों के साथ हमारे संबंधों में, बिजनेस और मानव अधिकारों पर यूएन गाइडिंग प्रिंसिपल (यूएनजीसी) का पालन करते हैं।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया मानवाधिकार नीति पढ़ें*

### आधुनिक गुलामी

टेक महिंद्रा में, हम मानव अधिकारों का सम्मान और प्रचार करते हैं और इसके एक हिस्से के रूप में, हम अपने व्यवसाय, ऑपरेशन और सप्लाई चेन में आधुनिक गुलामी का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम, 2015 के आधुनिक गुलामी अधिनियम, 2018 के कॉमनवेल्थ आधुनिक गुलामी अधिनियम, यूएन (UN) की मानव अधिकारों की एक घोषणा और बलपूर्वक श्रम  के संबंध में, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के नियमों के अनुसार, आधुनिक गुलामी के सभी पहलुओं के प्रति शून्य सहिष्णुता की नीति रखते हैं। इसका पालन करते हुए, हम अपनी आपूर्ति श्रंखला (सप्लाई चेन) से या हमारे संगठन के किसी भी भाग से गुलामी और/या मानव तस्करी को समाप्त करने के लिए की गई पहलों की जानकारी देने के लिए एक सार्वजनिक बयान प्रकाशित करते हैं।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया मॉडर्न स्लेवरी स्टेटमेंट पढ़ें।*

## 9.6 उत्पीड़न

बदमाशी और उत्पीड़न के मामले में, कंपनी की नीति का लक्ष्य कार्यस्थल पर किसी भी उत्पीड़न की घटना के लिए 'शून्य सहिष्णुता' सुनिश्चित करना है। उत्पीड़न किसी ऐसे व्यवहार का नाम है जिसका स्वागत नहीं किया जाता है, यह अनचाहा, अनागत, अकारण और आमतौर पर (लेकिन हमेशा नहीं) दोहराया जाने वाला होता है। इस व्यवहार का उद्देश्य. किसी सहयोगी की गरिमा का उल्लंघन करने का प्रयास करना होता है, या उसके लिए एक भयावह, दुर्भावना से भरे, अपमानजनक, शर्मिंदगी भरे या कुंठित करने वाला वातावरण बनाना होता है।



उत्पीड़न होने के लिए आपत्ति लेने या उत्पीड़ित करने का मकसद होना ज़रूरी नहीं है। यह उस व्यक्ति के साथ किए गए व्यवहार की वजह से पड़ने वाला बुरा असर है, जो उस व्यवहार के तरीके के साथ मिलकर यह तय करता है कि यह उत्पीड़न की घटना है या नहीं।

उत्पीड़न कुछ के सामान्य उदाहरण हैं:

- विशिष्ट समूहों या लिंगों के बारे में अपमानजनक चुटकुले बताना
- विशेष समूह या लिंगों के बारे में अपमानजनक नारे लगाना
- किसी की जाति या धर्म के बारे में निंदात्मक टिप्पणियाँ करना।
- अपमानजनक शारीरिक संपर्क, निन्दात्मक भाषा या डरावनी हरकतें करना
- कार्यस्थल में किसी भी प्रकार की अश्लील भाषा का इस्तेमाल करना
- कार्यस्थल पर अपमानजनक या धमकी भरे इशारे या भाषा (स्पष्ट याअंतर्निहित) या अक्सर और अनावश्यक रूप से चीखना आदि किसी भी तरह से उत्पीड़न माना जा सकता हैं।
- एक सहयोगी के काम या काम करने की क्षमता के बारे में अनुचित और अनावश्यक टिप्पणियों का इस्तेमाल करना
- खुलेआम दिखाए जाने वाले ऐसे तस्वीर, पोस्टर, भित्तिचित्र कला (ग्राफ़ेटी) या लिखित सामग्री जो कुछ लोगों को अपमानजनक लग सकते हैं
- सहयोगी के लिए धमकी भरे, अपशब्दी या अपमानजनक टिप्पणियों वालेफोन कॉल या इलेक्ट्रॉनिक मेल/मेल या कंप्यूटर नेटवर्क पर संदेश
- किसी सहयोगी या समूह को सामान्य बातचीत, कार्य नियोजन, कार्य संबंधी सामाजिक गतिविधियों और कार्यस्थल में नेटवर्क से अलग कर देना

प्रबंधन के अधिकार का दुरुपयोग:

प्रबंधन के अधिकार का दुरुपयोग तब होता है, जब रिपोर्टिंग मैनेजर द्वारा अपने अधीन किसी सहयोगी या जिसपर उनका पर्यवेक्षण अधिकार होता है. उस सहयोगी के साथ ऐसा व्यवहार करता है जिसमें:

- उन्हें धमकाया, अपमानित या उन्हें छोटा महसूस कराया जाता है, या
- अत्यधिक, विनाशकारी या अनुचित ढंग से आलोचना या डाँटकर, उनके काम की ज़रूरत से ज़्यादा निगरानी करके, उन्हें गलत तरीके से दोषारोपण करके या अपनी शक्ति का दुरुपयोग करके किसी दूसरे सहयोगी को डराता, नीचा दिखाता या कमजोर करता है, या
- वह ऐसे अनुरोध करता है जो आमान्य हों और / या अन्य सहयोगियों की भूमिका के बाहर हों; या
- अपनी ऐसी कोई मांग करते हुए कार्यवाही करने की मांग करता है जो कंपनी की नीतियों के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं।

## 9.7 मादक पदार्थ, शराब और धूम्रपान

टेक महिंद्रा के सभी सहयोगी, जिनमें थर्ड पार्टी वेंडर के कर्मचारी भी शामिल हैं, मादक पदार्थ या नशीली दवाओं (निषिद्ध पदार्थ) के कारण किसी भी प्रकार के नशे से मुक्त होने चाहिए।


मदिरापान

टेक महिंद्रा के परिसर में अनधिकृत रूप से शराब या इस्तेमाल करना निषेध है।

मादक पदार्थ

कंपनी के परिसर में, कंपनी की कामकाजी गतिविधियों के दौरान, अवैध रूप से नशीले पदार्थों (कानूनी दवाओं या दुर्लभ दवाओं के दुरुपयोग) को रखना, इस्तेमाल करना, बिक्री करना, निर्माण करना या वितरण करना निषेध है।

टेक महिंद्रा एक नशा-मुक्त कार्यस्थल बने रहने का प्रयास करता है। टेक महिंद्रा के सभी आपूर्तिकर्ताओं और उनके कर्मचारियों के लिए ज़रूरी है कि वे अपने सहयोगियों, स्वतंत्र ठेकेदारों और सलाहकारों, और उन सभी व्यक्तियों की नियुक्ति को सुनिश्चित करें, जो उनके नियंत्रण और/या निगरानी के तहत टेक महिंद्रा के परिसर और/या



टेक महिंद्रा के परियोजनाओं पर काम करने के लिए नियुक्त होते हैं, वे सभी टेक महिंद्रा के नशा-मुक्त कार्यस्थल मानकों का पालन करें।

धूम्रपान

हम एक धूम्रपान-मुक्त वातावरण बनाने के लिए अपने सहयोगियों का धन्यवाद देते हैं और साथ ही इसे बनाए रखने का आश्वासन देते हैं। विश्वभर में सभी टेक महिंद्रा कार्यालय परिसर, सम्मेलन कक्षों, लॉबी आदि को धूम्रपान-मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाता है।

## 9.8 सोशल मीडिया दिशानिर्देश

ये सोशल मीडिया दिशा-निर्देश, टेक महिंद्रा और उसकी सहायक या संबद्ध व्यक्तियों के सभी सहयोगियों पर लागू होते हैं, जो ब्लॉग, विकिस, माइक्रोब्लॉग, मैसेज बोर्ड, चैट रूम, इलेक्ट्रॉनिक न्यूज़लेटर, ऑनलाइन फ़ोरम, सोशल नेटवर्किंग साइट, सोशल नेटवर्क या किसी अन्य सोशल मीडिया के किसी भी रूप में टेक महिंद्रा के अंदर और बाहर अपना योगदान देते हों।

कंपनी यह आशा करती है कि हमारे सहयोगियों को टेक महिंद्रा से संबंधित वैश्विक वार्तालाप में भाग लेते समय इन दिशा-निर्देशों को जानने, समझने और इनका पालन करने की जागरूकता होनी चाहिए। इसे न करने से, सहयोगियों के टेक महिंद्रा से संबंध से जुड़े जोखिम पैदा हो सकते हैं। ये दिशा-निर्देश पूरे नहीं हैं, बल्कि संकेत के तौर पर हैं क्योंकि इसमें नई तकनीकें आती रहती हैं जिससे इनका विकास होता रहता है।

दिशानिर्देश::

- सहयोगी ऐसी किसी भी प्रकार की सामग्री (जैसे टेक्स्ट, किताबें, उद्धरण, लोगो आदि) को पोस्ट नहीं करेंगे, जो दूसरे व्यक्ति की संपत्ति है और जिसपर उनका कानूनी हक नहीं है।
- कोई भी सहयोगी टेक महिंद्रा, उसके सहयोगियों या किसी तीसरे पक्ष का अपमान, गाली देना, उत्पीड़न करना या धमकाना आदि नहीं करेंगे, न ही वे टेक महिंद्रा के तकनीकी अधिकारों या किसी तीसरे पक्ष के कानूनी अधिकारों को उल्लंघन करेंगे।
- सहयोगी किसी भी तरह के अनुचित, अपमानजनक, अधिकार का उल्लंघन करने वाले, अश्लील, जातिवादी, आतंकवादी, राजनीतिक, भद्दे या अवैध विषय, नाम, सामग्री या सूचना को प्रकाशित या पोस्ट नहीं करेंगे
- सहयोगी टेक महिंद्रा या किसी अन्य तीसरे पक्ष की गोपनीय या प्रोप्राइटरी जानकारी को प्रकाशित नहीं करेंगे
- सहयोगी अपने ग्राहकों, साथियों या आपूर्तिकर्ताओं का उल्लेख या संदर्भ उनकी सहमति के बिना नहीं करेंगे।
- सहयोगी जातीय टिप्पणियाँ, व्यक्तिगत अपमान, अश्लीलता आदि का इस्तेमाल नहीं करेंगे।
- सहयोगी किसी भी समूह या व्यक्ति के खिलाफ, किसी भी प्रकार की अश्लील, जातिवादी, पूर्वाग्रह, बड़बड़ाहट, नफ़रत या शारीरिक हानि से जुड़ी कोई भी पोस्ट या प्रचार नहीं करेंगे।
- सहयोगी दूसरे व्यक्ति या संगठन का उत्पीड़न नहीं करेंगे और उसे समर्थन नहीं करेंगे
- सहयोगी किसी भी तरह की नग्नता, हिंसा-युक्त या आपत्तिजनक सामग्री वाले कोई भी सामग्री पोस्ट नहीं करेंगे
- सहयोगी कोई भी गलत या भ्रामक जानकारी प्रकाशित नहीं करेंगे और अवैध गतिविधियों को समर्थन नहीं करेंगे या किसी ऐसे काम में शामिल नहीं होंगे जो अत्याचारपूर्ण, धमकीभरा, अश्लील, अपमानजनक या झूठी बदनामी करने वाला हो
- सहयोगी किसी का यौन उत्पीड़न, हिंसा युक्त या मानवाधिकारों के तौर पर अनुचित काम से किसी भी तरह के शोषण नहीं करेंगे
- सहयोगी ऐसे कोई भी अपराध या उससे संबधित कारोबार नहीं करें या ऐसी अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान नहीं करेंगे, जैसे अवैध हथियारों के निर्माण या खरीदारी या किसी की निजता का उल्लंघन करना आदि
- सहयोगी बाहरी कमर्शियल भाषणों के दौरान, टेक महिंद्रा की गोपनीयता और किसी भी दिशा-निर्देश का उल्लंघन नहीं करेंगे
- सहयोगी जानबूझ कर किसी भी तरह के वायरस, वर्म, हानिकारक कोड या ट्रोजन हॉर्स आदि का इस्तेमाल नहीं करेंगे
- सहयोगी दूसरों की निजता का पूरा सम्मान करेंगे
- सहयोगी जब वे काम से संबंधित या टेक महिंद्रा से जुड़े विषयों से संबंधित सामग्री पोस्ट करते हैं, तो वे इस अस्वीकरण (डिस्क्लेमर) का इस्तेमाल करेंगे।

"इस साइट पर की गई पोस्टिंग मेरी अपनी राय है और यह टेक महिंद्रा के पद, रणनीतियों या विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती है।"



# 10. संपत्ति और आकड़ों की सुरक्षा

## 10.1 कंपनी की संपत्तियों का संरक्षण और इस्तेमाल

निदेशक और सहयोगी टेक महिंद्रा की संपत्तियों की सुरक्षा करेंगे और उनके कुशल और उचित उपयोग को सुनिश्चित करेंगे। कंपनी की सभी संपत्तियों का इस्तेमाल व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए ही होना चाहिए इसके अलावा अन्य कारणों से उनका उपयोग नहीं होना चाहिए। इस कोड के तहत, यदि आकस्मिक व्यक्तिगत उपयोग करना उचित हो, तो इसे उल्लंघन के रूप में नहीं माना जाता। हम अपने ब्रांड, भौतिक, वित्तीय और बौद्धिक संपत्तियों की सुरक्षा करेंगे।

हम अपनी नौकरी के दौरान, उपयोग की गई संपत्तियों की सुरक्षा और संरक्षण के लिए व्यक्तिगत रूप से ज़िम्मेदार हैं। इसमें कंपनी के किसी भी संसाधनों के उपयोग के लिए उचित जवाबदेही शामिल है।

'टेक महिंद्रा' का ब्रांड और इसकी प्रतिष्ठा, हमारी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है। लंबे समय तक सफल बने रहने के लिए, एक मजबूत ब्रांड होना ज़रूरी है, विशेष रूप से तेजी से बदलते और उच्च प्रतिस्पर्धी बाजारों में। कंपनी का ब्रांड, हमारी इमारतों या उपकरणों की तरह सावधानी से संरक्षित रखा जाना चाहिए। ऐसे उत्पाद, सेवाएं या विपणन के संचारों का इस्तेमाल करना, जो ब्रांड के अर्थ से मेल नहीं करते हैं, प्रेस की ख़राब चर्चाएँ या लोगो के अनुचित उपयोग से हमारे ब्रांड और प्रतिस्पर्धी क्षमता कमज़ोर होते हैं।

## 10.2 बौद्धिक संपदा

टेक महिंद्रा की बौद्धिक संपदा उसकी सबसे मूल्यवान संपत्तियों में से एक है और कंपनी के ट्रेडमार्क, पेटेंट, कॉपीराइट, बिज़नेस मेथड और औद्योगिक प्रक्रियाओं पर विशेष अनलोचित (एक्सक्लूसिव) कानूनी अधिकार होते हैं।

हमें कंपनी के पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, ट्रेड सीक्रेट और अन्य संपदा से जुड़ी सूचना के संरक्षण के लिए काम करना चाहिए। इसी दौरान, हमें अपने ग्राहकों, साथियों और अन्य संबंधित हितधारकों के उचित बौद्धिक संपदा के अधिकारों का भी सम्मान करना चाहिए। हमें उनकी संपदा के अनधिकृत उपयोग की अनुमति नहीं है।

टेक महिंद्रा की कानूनी टीम से परामर्श किया जाना चाहिए:

- बाहरी या प्रतियोगी की संपत्ति की जानकारी को स्वीकार या उपयोग करने से पहले
- बाहरी लोगों को टेक महिंद्रा की संपत्ति की जानकारी उजागर करने से पहले
- बाहरी लोगों को टेक महिंद्रा की बौद्धिक संपत्ति का उपयोग करने की अनुमति देने से पहले

इस बात की उम्मीद की जाती है कि बौद्धिक संपत्ति के अधिकार जैसे पेटेंट, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, डिज़ाइन, रणनीति, योजनाएं, व्यापारिक गोपनीयता और ऐसे ही अन्य विषय जो सार्वजनिक पंहुच में नहीं हैं, इन्हें केवल कंपनी के व्यवसाय के दौरान और उसके लिए ही, उचित सावधानी और सुरक्षाओं के साथ केवल कंपनी द्वारा ही इस्तेमाल किए जाएंगे। कंपनी में काम करने के दौरान, इस कंपनी में उत्पन्न किसी भी आविष्कार पर सहयोगी का कोई अधिकार नहीं होगा।


## 10.3 डेटा का कानूनी रखरखाव

सभी कंपनी रिकॉर्ड स्थानीय नियमों और आंतरिक नीति के अनुसार सुरक्षित रखे जाते हैं। किसी मुकदमे या सरकारी जाँच के मामले में होने पर, इससे संबंधित विभाग रिकॉर्ड या दस्तावेज़ों पर कानूनी रोक लगा सकता है। उस अवधि के दौरान, दस्तावेज़ नष्ट करने की प्रक्रिया निलंबित कर दी जाएगी।

## 10.4 सूचना की सुरक्षा और गोपनीयता

सूचना की सुरक्षा करना, टेक महिंद्रा के सभी सहयोगी और निदेशकों की ज़िम्मेदारी है। सभी सहयोगी और निदेशकों को टेक महिंद्रा के संसाधनों के उचित इस्तेमाल का पालन करना चाहिए, आईटी संसाधन , संगणक (कंप्यूटर) और नेटवर्क संसाधन, संपत्ति (एसेट), सेवाएं, इंटरनेट सेवाएं, ईमेल सेवाएं, सॉफ्टवेयर और इसके लाइसेंसिंग, फ़ोटोकॉपी, प्रिंटर सुविधा, डेटा संरक्षण, सूचना वर्गीकरण और संरक्षण, पासवर्ड उपयोग और प्रबंधन तथा तृतीय-पक्ष तक पंहुच शामिल हैं।

सूचना सुरक्षा को संज्ञात (टैंजिबल) संपत्ति जैसे सिस्टम और व्यवसाय से संबंधित उपकरण की सुविधाओं के साथ ही असंज्ञात (इंटैंजिबल) संपत्ति जैसे सूचना प्रौद्योगिकी, एसेट सूचना, बौद्धिक संपत्ति और ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के साथ संबंधों के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। टेक महिंद्रा की सूचना सुरक्षा नीति के किसी भी उल्लंघन या इस दिशा में किया गया कोई भी काम गंभीरता से लिया जाएगा और इस पर उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।



ऑनलाइन इंसिडेंट मैनेजमेंट सिस्टम (https://isg.techmahindra.com/ims/login.aspx) का उपयोग करके जाँच के लिए तुरंत ISG को संदिग्ध गतिविधियों, फ़िशिंग या अन्य सूचना सुरक्षा या डेटा गोपनीयता घटनाओं की रिपोर्ट करना, हर एक सहयोगी की ज़िम्मेदारी है।

हमारे ग्राहक को निजता संबंधी घटनाओं की सूचना 24 घंटे के भीतर, और नियामकों को 72 घंटे के भीतर दी जानी चाहिए। इन मामलों की रिपोर्ट,ISGIncidentManagementGroup@TechMahindra.comपर ईमेल करके भी की जा सकती है।

निदेशकों, सहयोगियों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं और सलाहकारों को टेक महिंद्रा और इसके हितधारकों के मामलों से संबंधित जानकारी की गोपनीयता बनाए रखनी चाहिए, जिसमें ग्राहकों को ऐसी जानकारी देना भी शामिल है। जब तक ऐसी जानकारी प्रकट करने के लिए प्राधिकृत या कानूनी रूप से आवश्यक न हो; इसे नहीं करना चाहिए] और साथ ही किसी भी गोपनीय जानकारी और अन्य कॉर्पोरेट अवसरों का इस्तेमाल अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं करना चाहिए।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया एक्सेप्टेंस यूसेज पॉलिसी पढ़ें*

## 10.5 डेटा गोपनीयता और डेटा सुरक्षा

डेटा गोपनीयता का उद्देश्य, टेक महिंद्रा या उसके ग्राहकों और विक्रेताओं सहित किसी भी तीसरे पक्ष से संबंधित व्यक्तिगत डेटा (PI) और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा (SPI) की सुरक्षा करना है, जिसे टेक महिंद्रा द्वारा, टेक महिंद्रा परिसर के भीतर या बाहर, किसी भी प्रणाली, पोर्टेबल डिवाइस, पोर्टेबल इलेक्ट्रॉनिक स्टोरेज मीडिया / क्लाउड पर इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाएं नियंत्रित, संसाधित, स्थानांतरित, आयात या निर्यात किया जाता हो। इसके अतिरिक्त, इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना भी है कि पीआई(PI), एसपीआई(SPI) डेटा को संभालने वाला कोई भी व्यक्ति, इसकी गोपनीयता और सुरक्षा की ज़रूरतों के बारे में पूरी तरह से जागरूक है और वह सावधानी से इसे संभालता है।

टेक महिंद्रा के सहयोगियों, भागीदारों, उनके साथ साझा किए गए ग्राहकों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के लिए सहयोगी स्वयं ज़िम्मेदार होंगे। इस संबंध में, सहयोगी हमेशा सुरक्षा और गोपनीयता प्रक्रिया को प्राथमिकता देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि डिलीवरी और अन्य दबावों के बावजूद इनका सख्ती से पालन किया जाए।

सहयोगी इस मामले में किसी भी तरह की गलतियों से बचने के लिए अतिरिक्त सावधान रहेंगे, जिससे व्यक्तिगत या संवेदनशील व्यावसायिक डेटा का जोखिम हो सकता हो। इसमें आने वाले ईमेल प्राप्तकर्ताओं की जाँच करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि अटैचमेंट और मेल थ्रेड्स में काम पूरा करने के लिए आवश्यक न्यूनतम व्यक्तिगत जानकारी दी जाए, जिसमें मुद्दों या शिकायतों या घटनाओं की रिपोर्ट करना शामिल है।

इसके लिए सहयोगियों को, संगठन द्वारा लगाए गए तकनीकी नियंत्रणों का इस्तेमाल करके, समय-समय पर साझा किए गए संपत्ति और डेटा की सुरक्षा से जुड़े दिशानिर्देशों का पालन करना चाहिए।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया डेटा गोपनीयता और डेटा सुरक्षा नीति पढ़ें*

## 10.6 डेटा प्रोटेक्शन ऑफ़िसर (DPO) – गोपनीयता से जुड़े मुद्दे/ शिकायतें

डेटा सुरक्षा अधिकारी (DPO), सहयोगियों, ग्राहकों, हितधारकों और नियामक प्राधिकरणों के लिए, गोपनीयता के मामलों में संपर्क के रूप में काम करने के लिए एक स्वतंत्र रूप से तैयार की गई भूमिका है।

डीपीओ (DPO) का काम  यह सुनिश्चित करना है, कि डेटा सब्जेक्ट रिक्वेस्ट (डीएसआर) को उचित रूप से प्रबंधित किया जाता है और इसमें सही समय पर उचित कार्रवाई की जाती है। डीपीओ (DPO) घटना प्रबंधन नीति और लागू स्थानीय कानून के अनुसार, व्यक्तिगत डेटा उल्लंघन या व्यक्तिगत डेटा से जुड़ी घटनाओं, डेटा गोपनीयता के उल्लंघन और इससे जुड़े सुधारों की समीक्षा करेगा।

किसी सहयोगी के उनके व्यक्तिगत डेटा को एक्सेस करने, संशोधित करने या हटाने के अनुरोध को डेटा सब्जेक्ट राइट्स रिक्वेस्ट कहते है, जिसका अधिकार टेक महिंद्रा उन्हें देता है। डेटा सर्विस रिक्वेस्ट करने के लिए सहयोगी एचआर हब (एसोसिएट सर्विसेज टूल) में, डेटा प्राइवेसी कैटेगरी के तहत अनुरोध कर सकते हैं।


dpo@techmahindra.com पर सहयोगी डीपीओ (DPO) से संपर्क करके, डेटा की गोपनीयता से जुड़े सभी मुद्दों की रिपोर्ट कर सकते हैं।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया बीएमएस (BMS) पर प्रकाशित डीपीओ (DPO) फंक्शन चैप्टर डीपीओ (DPO)-एफएम-01 दस्तावेज़ को पढ़ें*



### 10.7 व्यावसायिक निरंतरता

कंपनी की व्यावसायिक निरंतरता और संकट प्रबंधन योजना में, संभावित व्यावसायिक रुकावटों को रोकने और पहचाने गए प्रमुख उत्पादों और सेवाओं के लिए तय समय सीमा के भीतर और सहमत सेवा स्तरों पर व्यवसाय को फिर से शुरू करने के लिए, संभव व्यावसायिक योजनाओं का विकास और इन पर काम करना शामिल है। इस योजना का उद्देश्य, सभी क्षेत्रों में और कार्यालयों में सुविधाओं की निरंतरता बनाकर अपने प्रमुख हितधारकों के हितों को पूरा करना है। कंपनी अपने सहयोगियों की सुरक्षा और कल्याण को सुनिश्चित करने के साथ, किसी रूकावट आने के दौरान संपत्ति और जानकारी की रक्षा करने के लिए, प्रभावी योजनाओं को लागू करती है।



*अधिक जानकारी के लिए, कृपया सूचना सुरक्षा नीति पढ़ें*

## 11. हितधारक (स्टेकहोल्डर)

### 11.1 ग्राहक

टेक महिंद्रा की व्यावसायिक सफलता, इसकी अपने स्थायी ग्राहकों के साथ संबंधों को मज़बूत करने की क्षमता पर निर्भर करती है। कंपनी अपने ग्राहकों के साथ निष्पक्ष, ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के साथ व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहकों के साथ व्यवहार करते समय, विशेष रूप से इन दिशानिर्देशों को ध्यान में रखा जाना चाहिए:

- ग्राहकों को प्रदान की जाने वाली जानकारी हमारी ओर से सटीक और पूरी होनी चाहिए। निदेशकों, बिज़नेस एसोसिएट और सहयोगियों को ग्राहकों को गलत जानकारी नहीं देनी चाहिए।

- निदेशकों, बिज़नेस एसोसिएट और सहयोगियों को ग्राहक को सेवाएं देने करने से मना नहीं करना चाहिए, भले ही टेक महिंद्रा का कोई प्रतिस्पर्धी भी उसी ग्राहक को सेवाएं दे रहा हो।

- ग्राहक का मनोरंजन, उचित और सामान्य व्यावसायिक अभ्यास से ज़्यादा नहीं होना चाहिए। निदेशकों, बिज़नेस एसोसिएट और सहयोगियों को ऐसे मनोरंजन या लाभ प्रदान नहीं करने चाहिए, जिसे ग्राहकों के खरीददारी के निर्णयों के लिए एक प्रलोभन या पुरस्कार के रूप में देखा जा सकता हो।

हमारे उत्पाद और सेवाएं तकनीकी रूप से प्रतिस्पर्धी होंगी और हम अपने ग्राहकों की ज़रूरतों को पूरा करते हुए, उन्हें सबसे अच्छी सेवा की पेशकश करेंगे ताकि हम गुणवत्ता और सेवा के लिए, अपने ग्राहकों की पहली पसंद बनें। हमारे उत्पादों या सेवाओं की मार्केटिंग के दौरान, कोई झूठा या भ्रामक दावा नहीं किया जाएगा। हमारे सेवा के मानक उच्चतम स्तर के होंगे।

हम ग्राहकों के साथ लंबे चलने वाले और दोनों के लिए फ़ायदेमंद संबंध बनाएंगे। ग्राहकों की ज़रूरतों और अपेक्षाओं के प्रति हमारी प्रतिक्रिया तेज़, सविनय और असरदार होगी। ग्राहकों की शिकायतों और वारंटी के मामलों में ग्राहक की पूर्ण संतुष्टि पर ध्यान दिया जाएगा।

### 11.2 भागीदार

हमारी कंपनी की नीति, सभी संभावित भागीदारों की उचित जाँच के बाद, उनके साथ सहयोगी और एक-दूसरे के लिए फ़ायदेमंद संबंध के वैश्विक नेटवर्क को विकसित करना है। हम अपने भागीदारों के रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करेंगे और अपने व्यवहार में ईमानदार और नीतिगत रहेंगे। हम अखंडता और व्यावसायिक अभ्यास के उच्च मानकों के साथ सफल उद्यमों के निर्माण में भागीदारों और बिज़नेस एसोसिएट के साथ काम करेंगे। हम दूसरे संगठनों के साथ बातचीत करने में और नए और मौजूदा संबंधों पर विचार करने के लिए अपने मूल्यों और सिद्धांतों का इस्तेमाल करेंगे।

कंपनी इस बात को सुनिश्चित करेगी, कि उसके भागीदार और व्यावसायिक सहयोगी, कंपनी के लिए कोई भी लाभ पंहुंचाने के लिए सरकारी अधिकारियों को कोई अनुचित भुगतान नहीं करें।

### 11.3 आपूर्तिकर्ता

टेक महिंद्रा और उसकी सहायक कंपनियां अपने आपूर्तिकर्ताओं के साथ पूरी निष्पक्षता और ईमानदारी के साथ काम करती हैं। इसका मतलब है कि आपूर्तिकर्ताओं के साथ हमारे संबंध अच्छे मूल्यों, गुणवत्ता, सेवा और गरिमा पर आधारित होते हैं। निदेशकों, बिज़नेस एसोसिएट और आपूर्तिकर्ताओं के साथ काम करने वाले सहयोगियों को सावधानी के साथ निष्पक्षता बनाए रखनी चाहिए। आपूर्तिकर्ताओं के चयन करने से पहले, कंपनी अपनी जाँच-पड़ताल पूरी करेगी।

आपूर्तिकर्ता की नियुक्ति, स्थानीय कानूनी नियमों और आंतरिक नीतियों के अनुसार की जाएगी। औपचारिक अनुबंध पूरा करते समय, आपूर्तिकर्ता को आचार संहिता की एक प्रति प्रदान की जानी चाहिए।

आपूर्तिकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे कंपनी को कोई भी लाभ दिलाने के लिए, सरकारी अधिकारियों को कोई अनुचित भुगतान नहीं करते हैं।

विशेष रूप से, किसी भी निदेशक, बिज़नेस एसोसिएट और सहयोगी को किसी आपूर्तिकर्ता या संभावित आपूर्तिकर्ता से किसी भी ऐसे व्यक्तिगत लाभ को स्वीकार करना या मांगना नहीं चाहिए, जिससे आपूर्तिकर्ता के उत्पादों और कीमतों के उनके मूल्यांकन पर असर डाल सकता हो। निदेशक, बिज़नेस एसोसिएट और सहयोगी, ज़िम्मेदार और नियमों के अंदर रहते हुए, व्यावसायिक अभ्यास की सीमा में, मामूली मूल्य के या मध्यम स्तर के मनोरंजन के प्रचार के आइटम के उपहार दे या स्वीकार कर सकते हैं।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया आपूर्तिकर्ता आचार संहिता पढ़ें*

### 11.4 समुदाय

टेक महिंद्रा उस समुदाय की भलाई में योगदान देगा, जिनके बीच हम अपने व्यावसायिक काम करते हैं। हम स्थानीय कानूनों, रीति-रिवाजों और परंपराओं का सम्मान करते हुए सबसे अच्छे स्तर की अखंडता को बनाए रखेंगे। हम गैर-लाभकारी गतिविधियों में अपना योगदान देने के लिए, समुदाय और अन्य संगठनों के साथ लिकर काम करेंगे।

### 11.5 राजनीतिक दलों के साथ कोई गठबंधन नहीं


टेक महिंद्रा जिस देश में काम करती है, वहां एक कंपनी के रूप में उस देश के लागू कानूनों और शासन प्रणालियों का अनुपालन करती है। यह कंपनी, किसी भी राजनीतिक दल या राजनीतिक कार्यालय के लिए किसी भी स्वतंत्र उम्मीदवार को दान के रूप में या अन्यथा किसी भी धन या संपत्ति के लिए प्रचार, समर्थन और पेशकश नहीं करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी कंपनी ऐसी किसी भी गतिविधि या अभ्यास को रोकने का प्रयास करती है जिसे किसी भी राजनीतिक दल या व्यक्ति के पक्ष में समझा जा सकता हो।

हमारी कंपनी उन राजनीतिक दलों को योगदान, उनके किसी भी निर्णय को प्रभावित करने या व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के लिए नहीं देती है। कंपनी केवल वही दान करती है जो स्थानीय कानूनों और नियमों के तहत, कानूनी और उचित हैं।

## 12. निवेशकों के साथ संबंध, व्यापार और विनियमन

### 12.1 निवेशकों के साथ संबंध

हमारे निवेशकों से हमारे संबंध नैतिक, पेशेवर, स्पष्ट और निवेशकों के अनुकूल होंगे। हम अपने निवेशकों के सूचना के अधिकार से अवगत हैं और इस आवश्यकता के प्रति हमेशा सचेत रहेंगे। निवेशकों के लिए किसी भी प्रासंगिक जानकारी शीघ्रता से प्रदान की जाएगी और इसकी गोपनीयता और लागू कानून के विचार का पालन करते हुए, आवश्यक सूचना की जानकारी दी जाएगी।



हम निवेशकों के अधिकारों का सम्मान करते हैं, और ये मानते हैं कि वे कंपनी की आम बैठकों सहित, एजेंडे का हिस्सा बनने वाले मामलों पर और निवेशकों से मिलने के दौरान, कंपनी के प्रदर्शन पर अपने विचार साझा करें और हम उनकी टिप्पणियों और सवालों के जवाब यथासंभव सीमा तक देने का प्रयास करेंगे।

निवेशकों के किसी समूह विशेष को खास तौर पर, ऐसी कोई भी सूचना प्रदान नहीं की जाएगी जिससे उन्हें निवेशकों के दूसरे समूह की तुलना में लाभ मिल सके। हम हमारे निवेशकों को, कंपनी में उनके द्वारा रखी गई प्रतिभूतियों से संबंधित मामलों पर हम हमेशा तेज़ और सविनय शिष्टाचार के साथ जवाब देंगे।

## 12.2 इनसाइडर ट्रेडिंग

निदेशकों और सहयोगियों को कंपनी से संबंधित भौतिक जानकारी को सार्वजनिक करने से पहले, वित्तीय या किसी अन्य निजी लाभ के लिए, या इस जानकारी को दूसरों तक पहुँचाने से प्रतिबंधित किया जाता है। भौतिक जानकारी में वित्तीय परिणामों की जानकारी, किसी भी संवेदनशील मूल्य की जानकारी, भविष्य में होने वाले विलय या अधिग्रहण, नए उत्पाद या किसी प्रमुख संगठन संरचना में होने वाले बदलाव आदि शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है। निदेशकों और सहयोगियों को कंपनी से संबंधित भौतिक जानकारी को सार्वजनिक करने से पहले, वित्तीय या किसी अन्य निजी लाभ के लिए, या इस जानकारी को दूसरों तक पहुँचाने से प्रतिबंधित किया जाता है। भौतिक जानकारी में वित्तीय परिणामों की जानकारी, किसी भी संवेदनशील मूल्य की जानकारी, भविष्य में होने वाले विलय या अधिग्रहण, नए उत्पाद या किसी प्रमुख संगठन संरचना में होने वाले बदलाव आदि शामिल हो सकते हैं, लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं है।

कंपनी की संवेदनशील जानकारी का अनुचित इस्तेमाल करना, इनसाइडर ट्रेडिंग और क़ानून का उल्लंघन भी हो सकता है। इसमें सहयोगी पास महत्वपूर्ण गैर-सार्वजनिक जानकारी साझा करना, कंपनी या उसकी सहायक कंपनियों की प्रतिभूतियों को खरीदना या बेचना और इस "अंदरूनी जानकारी" को किसी और को देना, जो कंपनी या इसकी सहायक (एस) की प्रतिभूतियों में सौदा कर सकता है, शामिल है।

टेक महिंद्रा या इसकी सहायक कंपनियों के निदेशकों, प्रबंधन और सहयोगियों के पास अंदरूनी जानकारी तक नियमित पहुंच या इससे फ़ायदा हो सकता है। इसलिए इससे जुड़े अधिकारियों द्वारा निर्धारित नियमों और विनियमों का पालन करने के लिए, ऐसे व्यक्तियों को किसी खास समय के आलावा, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिभूति लेन-देन करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

आम तौर पर, किसी भी सहयोगी को आंतरिक जानकारी होने पर प्रतिभूति लेन-देन करने से प्रतिबंधित कर दिया जाता है। सभी निदेशकों और सहयोगियों को किसी तीसरे पक्ष (मित्रों और परिवार सहित) को अंदरूनी जानकारी प्रदान करने से भी प्रतिबंधित किया गया है। इन कानूनी कर्तव्यों के किसी भी उल्लंघन होने के मामले में, टेक महिंद्रा के निदेशकों या सहयोगियों या उस तीसरे पक्ष पर आपराधिक और नागरिक दंड लगाया जा सकता है, जिसे उन्होंने आंतरिक जानकारी प्रदान की है। इन दंडों में जुर्माना और/या कारावास शामिल हो सकते हैं।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया इनसाइडर ट्रेडिंग पॉलिसी पढ़ें।*

## 12.3 अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार नियंत्रण (आईटीसी) कानून, राष्ट्रीय सीमाओं के पार सामान, सेवाओं और प्रौद्योगिकी के प्रसारण को निर्धारित करते हैं। टेक महिंद्रा अपने सभी प्रक्रियाओं में इन कानूनों और व्यापार नियंत्रण प्रणालियों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है, जैसे - उत्पादों की शिपिंग, राष्ट्रीय सीमाओं के पार सूचनाओं का आदान-प्रदान, जिसमें ई-मेल और वेब एक्सेस भी शामिल है। कंपनी इन देशों के लिए विशिष्ट नियमों का पालन करती है।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से संबंधित कानून जटिल होते है और बदलते रहते हैं, और इसलिए यह ज़रूरी है कि सहयोगी नई आवश्यकताओं से अवगत रहें और किसी भी संदेह के मामले में कॉर्पोरेट कराधान (कॉर्पोरेट टैक्सेशन) से सलाह लें।

## 12.4 मनी लॉन्ड्रिंग (काले धन को सफ़ेद करना) की रोकथाम

मनी लॉन्ड्रिंग का अर्थ, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से ऐसे लेन-देन से है, जिसमें कोई ऐसी संपत्ति शामिल है, जो अपराध से प्राप्त हुई है, या फिर किसी ऐसी संपत्ति से प्राप्त हुई, रखी, प्रबंधित की गई, निवेश की गई, छिपाई, निपटान करी गई हो, जो धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 या किसी अन्य लागू कानून के तहत एक अपराध की आय के रूप में पहचानी गई हो। ।

टेक महिंद्रा दुनिया भर में मौजूद, सभी एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद विरोधी कानूनों का पूरी तरह से पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह केवल वैध व्यावसायिक गतिविधियों में शामिल, प्रतिष्ठित ग्राहकों के साथ, वैध स्रोतों से प्राप्त हुए धन के साथ व्यापार करता है। भुगतान के अस्वीकार्य और संदिग्ध रूपों को रोकने और उनका पता लगाने के लिए हर इकाई को उचित कदम उठाने चाहिए।

टेक महिंद्रा उन देशों के सभी विशिष्ट नियमों का पालन करेगा जहां टेक महिंद्रा मौजूद है।



### 12.5 नियंत्रण

नियंत्रण में तीन मूलभूत तत्व शामिल है:

1. ऐसे नियम, जो लेनदेन और शेष राशि को उचित रूप से वर्गीकृत करते हैं
2. ऐसे सिस्टम और नियंत्रण प्रणालियां जो संपत्ति की रक्षा करती हैं और लगातार और सही ढंग से जानकारी जमा करती हैं
3. सभी तरह की वित्तीय और लेन-देन की रिपोर्टिंग, जो समय पर और निष्पक्ष जानकारी देने वाली हों

टेक महिंद्रा, सरकारी एजेंसियों और जनता के लिए समय पर, विश्वसनीय और सटीक जानकारी प्रकट करने के लिए ज़रूरी उचित वातावरण बनाता है। यह लेखांकन (अकाउंटिंग) और वित्तीय रिपोर्टिंग के लिए, आम तौर पर स्वीकार किए गए लेखा सिद्धांतों, मानकों और विनियमों का पालन करता है।

यह रिपोर्ट और आवश्यक प्रक्रियाओं को तैयार या उनकी समीक्षा करके विनियामक अनुपालन का आश्वासन देता है, यह संपत्तियों की सुरक्षा के लिए अंदरूनी नियंत्रणों की रचना, कार्यान्वित और देख-रेख करता है और विश्वसनीय वित्तीय विवरण प्रदान करता है।

हम दस्तावेज़ों और अभिलेखों के संरक्षण से जुड़े लागू कानूनों और विनियमों का पालन करते हैं।

हम लंबित और किसी भी संभावित मुकदमे, ऑडिट या जाँच से संबंधित दस्तावेज़ों और रिकॉर्ड को कंपनी के वकील के अनुसार, संरक्षित रखते हैं।

### 12.6 प्रकटीकरण मानक

एक सार्वजनिक कंपनी होने के तौर पर, टेक महिंद्रा उन रिपोर्ट और दस्तावेजों में पूर्ण, निष्पक्ष, सटीकता के साथ और समय पर खुलासा करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिन्हें वह भारत या विदेश में नियामक प्राधिकरणों के पास फ़ाइल करता है और कंपनी के सार्वजनिक संचार में शामिल करता है। इस प्रतिबद्धता का सम्मान करने के लिए, निदेशक और सहयोगी, वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण और प्रकटीकरण और रिपोर्टिंग की ज़रूरतों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए ज़िम्मेदार होंगे।

सभी सहयोगियों, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं को हमेशा टेक महिंद्रा के निर्देशों का पालन करना चाहिए।

## 13. चिंता ज़ाहिर करना/शिकायतें करना

### 13.1 कॉर्पोरेट लोकपाल

कॉर्पोरेट लोकपाल (COREPORATE OMBUDSMAN) एक स्वतंत्र प्रबंधन भूमिका है और इसका प्रमुख उद्देश्य टेक महिंद्रा के नैतिक व्यवसायिक आचार संहिता के पालन न करने और इसकी अखंडता से जुड़े मामलों में जाँच पड़ताल और रोकथाम करना होता है।

### 13.2 व्हिसल ब्लोअर

सभी हितधारक, कॉर्पोरेट लोकपाल को अपनी शिकायतों/चिंताओं से अवगत कराएंगे। कॉर्पोरेट लोकपाल, सीएक्सओ (CXO) और निदेशकों के खिलाफ शिकायत/चिंता के मामले में, लेखापरीक्षा समिति के अध्यक्ष को अवगत कराया जाएगा।

एक व्हिसल ब्लोअर इन तरीकों से कॉर्पोरेट लोकपाल के समक्ष अपनी चिंता व्यक्त कर सकता है:
क. CORPORATEOMBUDSMAN@techmahindra.com पर ईमेल करने से
ख. व्यक्तिगत तौर पर - टेलीफ़ोन नंबर 0120-488- 4450 पर मौखिक रूप से भी शिकायत की जा सकती है।
मौखिक रिपोर्ट को आम तौर पर कॉर्पोरेट लोकपाल (CORPORATE OMBUDSMAN) द्वारा मौखिक रिपोर्ट के लिखित प्रतिलेखन द्वारा प्रलेखित (डॉक्यूमेंट) किया जाएगा।

*अधिक जानकारी के लिए, कृपया व्हिसल ब्लोअर नीति पढ़ें।*

## 14. क्षतिपूर्ति और अनुशासनात्मक कार्रवाई

सहयोगियों को टेक महिंद्रा, उसकी सहायक कंपनियों और साथी कंपनियों के ऐसे किसी भी दावे, लागत, व्यय, निर्णय, या संचार/प्रकाशन से संबंधित अन्य नुकसान से क्षतिपूर्ति करने के लिए सहमत होना होगा, जो सोशल मीडिया दिशानिर्देशों के दायरे में आएगा, जिसमें नौकरी से निकाले जाने के साथ, कोई भी कार्रवाई की जा सकती है।

कंपनी की नैतिक व्यावसायिक आचार संहिता, पालन किए जाने वाले मानकों और नीतियों से जुड़ी व्यापक दिशानिर्देश को निर्धारित करती है। इसमें ऐसे अतिरिक्त नीतियां या कानून हो सकते हैं जो किसी खास स्थिति में प्रासंगिक हो सकते हैं।

यह कोड के पालन न करने का कोई विकल्प नहीं है और इसके अवहेलना के मामले में, कंपनी की नीतियों के अनुसार, उल्लंघन की प्रकृति और गंभीरता के आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी।